

इटारसी की 13वीं लाइन में बनेगी आदर्श सीसी रोड

30 लाख रुपए से 130 मीटर लंबी और 40 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण, विधायक और नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज़,

इटारसी 17 अक्टूबर. शहर के बाजार क्षेत्र की 13वीं लाइन को व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के लिए वार्ड 31 में सीसी रोड और आरसीसी नाली का निर्माण किया जा रहा है. करीब 30 लाख रुपए की लागत से 130 मीटर लंबी और 40 फीट चौड़ी सड़क बनाई जा रही है. विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली.

पहले इस क्षेत्र में अतिक्रमण के कारण सड़क की चौड़ाई करीब 20 फीट थी, जिससे आवागमन में परेशानी होती थी. पार्षद मनीषा अग्रवाल के आग्रह पर नागरिकों ने स्वयं आगे आकर अतिक्रमण हटाया. इससे सड़क चौड़ी करने और दोनों ओर नालियां बनाने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध हो सकी. सड़क बनने से बाजार क्षेत्र में आवागमन सुगम होने और जल निकासी की व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है.

जनसहयोग से विकास को मिलेगी गति

विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए नगर पालिका के प्रयासों के साथ नागरिकों का सहयोग भी जरूरी है. 13वीं लाइन में लोगों की भागीदारी से आदर्श सड़क बनाने का रास्ता साफ हुआ है. उन्होंने कहा कि सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है.

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि यह सड़क व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है. निर्माण पूरा होने से व्यापारियों और रहवासियों को राहत मिलेगी. उन्होंने नागरिकों से सड़क और नालियों के रखरखाव में सहयोग करने तथा नालियों में कचरा नहीं डालने की अपील की.

निर्माण पूरा होने तक बंद रहेगा आवागमन

निर्माण कार्य के दौरान दोनों ओर बैरिकेड लगाकर आवागमन बंद किया गया है. निर्माण पूरा होने के बाद भी करीब 10 दिन तक रास्ता बंद रहेगा. निरीक्षण के दौरान पार्षद मनीषा अग्रवाल, जयकिशोर चौधरी, पार्षद प्रतिनिधि आशुतोष अग्रवाल, राजा तिवारी, राहुल प्रधान सहित क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे.

जीवा ज्योति स्कूल में नवरात्रि गरबा नृत्य

विद्यार्थियों ने नौ देवियों के स्वरूप में दी मनमोहक प्रस्तुतियां, अभिभावकों ने भी गरबा में लिया हिस्सा

सिवनी मालवा 17 अक्टूबर. **सिवनी मालवा के बराखड़ कला स्थित जीवा ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में नवरात्रि थीम पर आधारित अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. इस आयोजन ने जहां विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा का अवसर प्रदान किया, वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नवरात्रि पर्व की छटा भी बिखेरी.**

कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों से अवगत कराया गया. साथ ही बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, उनकी उपलब्धियों और पढ़ाई में सुधार के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई. शिक्षकों और अभिभावकों के बीच संवाद के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया गया. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गरबा नृत्य और नौ देवियों के मनमोहक स्वरूप रहे. बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं. नवरात्रि की थीम पर सजे विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया. कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर गरबा नृत्य में हिस्सा लिया. बच्चों और अभिभावकों की संयुक्त सहभागिता से आयोजन का उत्साह और बढ़ गया. विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला.

एक नजर में

महासप्तमी पर मां दुर्गा की प्राण-प्रतिष्ठा

नर्मदापुरम. बंगाली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित शारदीय दुर्गा महोत्सव में महासप्तमी पर बंगाली परंपरा के अनुसार मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना की गई.वैदिक मंत्रोच्चार के बीच नौ पवित्र पौधों से निर्मित नवपत्रिका का विधि-विधान से स्नान कराकर पंडाल में प्रवेश कराया गया. इसके बाद प्राण-प्रतिष्ठा, चक्षुदान और पुष्पांजलि अनुष्ठान संपन्न हुए. मां दुर्गा को महाभोग अर्पित कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसादी वितरित की गई. इस अवसर पर कालीबाड़ी के लिए दान की गई भूमि की रजिस्ट्री एसोसिएशन के नाम से संपन्न हुई. इसे बंगाली समाज के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया गया. आयोजन में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आराधना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की.

गरबा की थाप पर झूमे शिक्षक-शिक्षिकाएं

नर्मदापुरम, 17 अक्टूबर. स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल और द चैम्प्स फन स्कूल परिवार ने हैप्पी मैरिज गार्डन में भव्य गरबा उत्सव आयोजित किया. मां दुर्गा की आराधना, पारंपरिक परिधानों और गरबा की थाप के बीच शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. रंग-बिरंगे परिधानों और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया. कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता, आत्मविश्वास और अनूठी शैली का प्रदर्शन किया. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार प्रदान किए गए. पुरस्कार पाकर प्रतिभागियों के चेहरे खुशी से खिल उठे.

गंभीर अपराधों के समंस वारंट की तामिली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

नर्मदापुरम. पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा ने शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के सभी थानों में पदस्थ समंस मुंशी एवं कोर्ट मुहर्रिरों की बैठक लेकर न्यायालयीन कार्यों की समीक्षा की. उन्होंने ई-समंस की तामिली और ई-साक्ष्य एप के माध्यम से समयसीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. एसपी ने स्पष्ट किया कि गंभीर अपराधों से संबंधित समंस एवं वारंट की तामिली प्राथमिकता के आधार पर तेजी से की जाए. न्यायालयीन कार्यों में देरी न हो और सभी संबंधित कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ करें.बैठक में न्यायालय और थानों से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की गई.

मंगोलिया से लौटीं सांसद का किया स्वागत

नर्मदापुरम. मंगोलिया की राजधानी उलानबाटोर में आयोजित वर्ल्ड वुमेन पार्लियामेंटेरियंस फोरम की बैठक में शामिल होकर स्वदेश लौटीं नर्मदापुरम निवासी राज्यसभा सांसद माया नारोलिया का बुधवार को नर्मदापुरम स्थित सांसद संवाद केंद्र कार्यालय में आत्मीय स्वागत किया गया.

अंडर-15 बालक वर्ग की क्रिकेट टीम घोषित

नर्मदापुरम. नर्मदापुरम जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में अंडर-15 बालक आयु वर्ग की टीम के चयन हेतु ट्रायल 13 अक्टूबर 2026 से एमपीसीए ग्राउंड, नर्मदापुरम में आयोजित किए गए. ट्रायल में जिले भर से लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया. ट्रायल के उद्घाटन अवसर पर नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के अध्यक्ष कपिल फौजदार, एमपीसीए मैनेजिंग कमेटी के सदस्य अनुराग मिश्रा एवं नर्मदापुरम जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष राजेश चौरे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं.

जूनियर सिलेक्शन कमेटी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन का बारीकी से आकलन करने के बाद 28 खिलाड़ियों को अगले दिन पुन: ट्रायल के लिए आमंत्रित किया. इसके बाद खिलाड़ियों को दो टीमों में विभाजित कर ट्रायल मैच आयोजित किया गया.

मंच पर गूंजा जय माता दी, बच्चों ने किया महिषासुर का वध

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 17 अक्टूबर. समेरिटन्स विद्यालय में नवरात्रि उत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है. शनिवार को प्राइमरी विभाग के विद्यार्थियों ने महिषासुर वध का प्रभावी मंचन कर मां दुर्गा के शौर्य और शक्ति को जीवंत किया. बच्चों ने अभिनय के माध्यम से महिषासुर और देवी दुर्गा के बीच हुए युद्ध का सुंदर प्रस्तुतिकरण किया.

प्राइमरी प्रभारी निधि शुक्ला ने बताया कि नवरात्रि के दौरान विद्यालय में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों, उनके पराक्रम और धार्मिक प्रसंगों की जानकारी दी जा रही है. इससे विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति रुचि बढ़ रही है. इससे पहले विद्यार्थियों द्वारा चंड-मुंड और रक्तबीज वध का भी मंचन किया गया था.

31 अक्टूबर को मनेगी सरदार पटेल की जयंती

इटारसी. देश की एकता और अखंडता के प्रतीक भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को उत्साह के साथ मनाई जाएगी. आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज की बैठक अध्यक्ष चंचल पटेल की अध्यक्षता में हुई. बैठक में सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा की गई. निर्णय लिया गया कि जयंती कार्यक्रम की शुरुआत नर्मदापुरम में मां नर्मदा के पूजन और पवित्र जल संग्रह से होगी. इसके बाद नर्मदा जल लेकर समाजजन पुरानी इटारसी स्थित सरदार पटेल भवन पहुंचेंगे. यहां सरदार पटेल की प्रतिमा का जलाभिषेक और माल्यार्पण किया जाएगा. इसके बाद शहर के प्रमुख मार्गों से रैली निकाली जाएगी, जो सतरास्ता स्थित सरदार पटेल की मुख्य प्रतिमा पर पहुंचेगी. यहां नर्मदा जल से जलाभिषेक और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का समापन होगा.

तेल निर्माताओं और किराना दुकानों पर छापे, 8 नमूने लिए

नवभारत न्यूज

इटारसी, 17 अक्टूबर. त्योहारों के दौरान मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने शहर में औचक निरीक्षण अभियान चलाया. कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने तेल निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और प्रमुख किराना दुकानों की जांच की. इस दौरान सोयाबीन और सरसों तेल के 8 नमूने लिए गए.

8 नमूने प्रयोगशाला भेजे जाएंगे

खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार और बीएस धाकड़ की टीम ने निरीक्षण के दौरान मेहमान, गंगाधारा और शुभ मंगल ब्रांड के सोयाबीन तेल सहित सरसों तेल के नमूने लिए. सभी नमूनों को गुणवत्ता की जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा. जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी.

इटारसी में परिसीमन और सीमा वृद्धि पर कांग्रेस नेता ने उठाई मांग

इटारसी. आगामी नगरीय निकाय चुनावों से पहले नगर पालिका क्षेत्र के वार्डों के परिसीमन और सीमा वृद्धि का मुद्दा उठने लगा है. कांग्रेस लीगल सेल के पूर्व सचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट रमेश के साहू ने मांग की है कि नगर पालिका विशेष सम्मेलन बुलाकर भौगोलिक स्थिति का आकलन करे और इसके बाद ही सीमा वृद्धि का प्रस्ताव शासन को भेजे.

साहू ने कहा कि वार्डों का परिसीमन चुनावी समीकरणों के बजाय क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति और जनसंख्या को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए. वार्डों में मतदाताओं की संख्या का भी युक्तियुक्त संतुलन होना जरूरी है, ताकि प्रत्येक पार्षद लगभग समान जनसंख्या का प्रतिनिधित्व कर सके.

उन्होंने कहा कि इटारसी के भविष्य और विकास को देखते हुए नगर पालिका क्षेत्र की सीमा वृद्धि जनहित में है. प्रशासन को इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया अपनानी चाहिए.

पिछले परिसीमन पर उठाए सवाल

साहू ने आरोप लगाया कि पिछले परिसीमन में राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से वार्डों का वर्गीकरण रातोंरात बदला गया था. इससे कुछ वार्डों में मतदाताओं की संख्या काफी अधिक और कुछ में बहुत कम रह गई. उनके अनुसार, इसका असर नागरिकों के प्रतिनिधित्व पर पड़ रहा है.

जिला अस्पताल के आर्थोपेडिक सेक्शन के माध्यम से हुई सफल सर्जरी

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 17 अक्टूबर. गत दिवस को बुधनी क्षेत्र में लोगों से भरे ट्रैक्टर-ट्राली का सडक दुर्घटना होने उपरान्त घायलों में से लगभग 12 मरीजों को उपचार के लिए जिला अस्पताल नर्मदापुरम लाया गया.

इसी दुर्घटना में एक मरीज के दाहिने हाथ की ह्यूमरस (ऊपरी बांह की हड्डी) बुरी तरह टूट गई थी. मरीज का परीक्षण जिला अस्पताल के ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अनिल बड़ुके ने किया तथा आवश्यक जांच के बाद ऑपरेशन की सलाह दी. प्रशासन एवं अस्पताल प्रबंधन के समन्वित प्रयासों से ऑपरेशन के लिए आवश्यक इम्प्लांट की व्यवस्था महज एक दिन में कर ली गई. तत्पश्चात जिला अस्पताल नर्मदापुरम में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. अनिल बड़ुके द्वारा मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया.

एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. राजेश माहेश्वरी, ह्ल्ज्ञ इंचार्ज सिस्टर वृंदा रघुवंशी सहित अन्य चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. समय पर इम्प्लांट की उपलब्धता, प्रशासनिक सहयोग और चिकित्सकीय टीम की तत्परता से मरीज का ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. वर्तमान में मरीज पूरी तरह स्वस्थ है.यह सफल उपचार जिला अस्पताल नर्मदापुरम में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं तथा जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सकीय टीम के बीच बेहतर समन्वय का उदाहरण है. कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ, छ्रू॥ह डॉ. नरसिंह गेहलोत, सिविल सर्जन डॉ सुनीता कामले, आरएमओ डॉ गजेंद्र यादव, अस्पताल प्रशासन, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के संयुक्त प्रयासों से सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल मरीज को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सका.

आदिवासियों की समस्याओं पर चार दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश

नर्मदापुरम. माखन नगर में जनजातीय समुदाय की समस्याओं के निराकरण के लिए गठित समिति को कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने आगामी चार दिनों में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं. शनिवार को राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित संयुक्त बैठक में कलेक्टर ने समिति की अब तक की कार्यवाही की समीक्षा की. बैठक में जनजातीय समुदाय की समस्याओं से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई. कलेक्टर ने अधिकारियों से अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि समिति के सदस्य निर्धारित बिंदुओं के आधार पर तथ्यों का परीक्षण कर अंतिम निष्कर्ष सहित प्रतिवेदन समय-सीमा में प्रस्तुत करें.

भविष्यवाणी | गेहूं की अच्छी फसल के साथ बीमारियों के प्रकोप की जताई आशंका

भीलट बाबा ने नीर लेकर की तीन बड़ी भविष्यवाणियां

सिवनी मालवा 17 अक्टूबर. सिवनी मालवा से लगभग सात किलोमीटर दूर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भीलटदेव में नवरात्रि की सप्तमी पर आस्था और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला. परंपरा के अनुसार भीलट बाबा ने नीर लेकर आगामी छह माह के लिए भविष्यवाणी की.

बाबा की भविष्यवाणी सुनने के लिए क्षेत्र सहित दूर-दराज के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे. इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ रही और श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन कर धर्म लाभ प्राप्त किया.

भीलट बाबा ने आगामी छह माह की भविष्यवाणी करते हुए मनुष्य पर बीमारियों का बड़ा प्रकोप रहने की बात कही. वहीं गेहूं की फसल बहुत अच्छी होने की संभावना जताई. इसके साथ ही बाबा ने समय-समय पर मावठा गिरने की भविष्यवाणी भी की.

बाबा ने धर्म, पुण्य और गौ माता की सेवा का महत्व बताते हुए कहा कि यदि सभी लोग धर्म के मार्ग पर चलेंगे, गौ माता की सेवा करेंगे और अच्छे कर्म करेंगे, तो बाबा तथा भगवान शिव की कृपा सभी पर बनी रहेगी. श्रद्धालुओं ने बाबा की वाणी को श्रद्धापूर्वक सुना और आशीर्वाद प्राप्त किया.

छह माह में दो बार होती है बाबा की भविष्यवाणी

भीलटदेव धार्मिक स्थल पर वर्ष में दो बार, चैत्र मास की चौदस और शारदीय नवरात्रि की सप्तमी पर नीर लेने की परंपरा है. मान्यता के अनुसार, इन अवसरों पर भीलट बाबा पड़िहार दर्वेश्वर महाराज के माध्यम से प्रकट होकर आने वाले छह माह के संबंध में भविष्यवाणी करते हैं. इस परंपरा को सुनने और बाबा के दर्शन करने के लिए हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं.

नीम के पेड़ से मिलाप के बाद होती है भविष्यवाणी

स्थानीय मान्यताओं के अनुसार भगवान शंकर के रुद्र अवतार माने जाने वाले भीलटदेव का इस धार्मिक स्थल से विशेष संबंध है. मंदिर के सामने स्थित नीम के पेड़ से पड़िहार दर्वेश्वर महाराज का मिलाप होने के बाद उनके शरीर में भीलट बाबा की पवन आने की मान्यता है. इसके पश्चात बाबा के माध्यम से भविष्यवाणी की जाती है. श्रद्धालुओं की मान्यता है कि बाबा की भविष्यवाणियां उनके जीवन और क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण बातों का संकेत देती हैं. पांच पीढ़ियों से चली आ रही पूजा-अर्चना की परंपरा

हो रही मां धूमा देवी की आराधना

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 17 अक्टूबर. शांति नगर में संस्था संकल्प ने इस बार आयोजन के 28वें वर्ष में मां धूमा देवी की स्थापना की है.संस्था संकल्प ने वर्ष 1996 में मां आदिशक्ति दुर्गा उत्सव समिति की स्थापना की थी.

वर्ष 1996 से 2016 तक मां दुर्गा की स्थापना की गई. 2017 से समिति ने माता के अलग-अलग रूपों की स्थापना शुरू की. खास बात यह है कि यहां शक्ति की आराधना के साथ ही हर साल समाज को जागरूक करने के लिए कुछ नया प्रयोग किया जाता है. इस बार भी आयोजन को प्लास्टिक मुक्त रखने के साथ ही स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है. समिति के आयोजन में हर साल शहर में सबसे बड़ा देवी पंडाल तैयार किया है. इस बार भी काले पत्थरों से बने महल की थीम पर पंडाल तैयार किया गया है. महोत्सव में रोजाना कन्याएं मां की आरती कर रहीं हैं. बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ क्षेत्रीय लोगों के लिए नि:शुल्क गरबे का आयोजन किया जाता है.

Presiding Officer: श्री यतीन अग्रवाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000075/2025)

शंकरलाल पन्द्राम ....वादी

Vs

श्यामवती ....प्रतिवादी

Process Id-/2026

पेशी दिनांक - 05/11/2026

प्रेषिती-(1) प्रहलाद पिता रामप्रसाद पता - निवासी ग्राम सुखतवा तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम मप्र (2) सरवन भल्लावी पिता परमू पता निवासी ग्राम कोटमीमाल पटवारी हल्का भरगदा वृत केसला तहसील इटारसी जिला नर्मदापुरम मप्र

यह कि प्रार्थी शंकरलाल पन्द्राम ने आपके विरुद्ध आवेदन अंतर्गत धारा 34 विशिष्ट राहत अधिनियम 1963 के वाद संस्थित किया हैं .आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता हैं कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो सभी दस्तावेजो को लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें. आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 15 October 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा — न्यायाधीश यतिन अग्रवाल

प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश इटारसी जिला नर्मदापुरम म.प्र.

टिप्पणी :-आवेदन की प्रति पेश

कृपया ध्यान दें-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In the Court Of I Civil Judge Class-I and Chief Judicial Magistrate, District Court, Harda

Presiding Officer: लवकेश सिंह

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

सक्सेशन प्रकरण क्रमांक

(MJC SUC/0000011/2026)

नरहरि तिवारी ...आवेदक

Vs

शाखा प्रबंधक ..अनावेदक

P.No.-8081/26

Process Id-/2026

पेशी दिनांक :- 13/11/2026

प्रेषिती-

(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण

(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरहरि तिवारी पता ने मृतक ओमनारायण पिता स्व. नंदलाल निवासी सुभाष वार्ड क्र. 06, खिरकिया, हाल नि. गोलापुरा हरदा, जिला हरदा की 1,13,946 मय ब्याज राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है, जिसकी सुनवाई दिनांक 13 नवम्बर 2026 को नियत है. यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 13 नवम्बर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें. सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा.

यह आज तारीख 14 अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है.

(लवकेश सिंह)

सील — प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड हरदा जिला-हरदा (म.प्र.)

कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.